प्रेस नोट

दिनांक 30.09.2024

आगामी नवदुर्गा एवं दशहरा त्यौहार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण एवं आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 30.09.2024 को पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर ने आगामी त्यौहारों यथा- नवदुर्गा और दशहरा के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा हेतु थाना कोतवाली सदर क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। इस निरीक्षण अभियान के तहत पुलिस बल के साथ उन्होंने प्रमुख पंडालों, कार्यक्रम स्थलों, और अन्य सार्वजनिक स्थानों का दौरा किया, जहां त्यौहार के दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होने की संभावना है।

सभी पंडालों और कार्यक्रम स्थलों पर पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने, भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करने। प्रमुख मार्गों और पार्किंग स्थलों पर ट्रैफिक व्यवस्था के लिए विशेष ध्यान दिये जाने, विशेष पुलिस बलों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गश्त करने के निर्देश दिए गए।

आयोजकों से अपील किया गया कि वे सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करें साथ ही शान्ति व सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस का सहयोग करें। स्थानीय नागरिकों और पंडाल आयोजकों से संवाद कर उन्हें पुलिस द्वारा दिए गए निर्देशों और सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को सतर्क रहने और प्रत्येक स्थिति में शांति बनाए रखने के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए। किसी भी अप्रिय घटना या अफवाह को फैलने से रोकने के लिए डिजिटल और सोशल मीडिया की निगरानी बढ़ाई गई। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष दस्ते तैनात किए गए और संवेदनशील क्षेत्रों में महिला पुलिस की तैनाती की गई। साथ ही पंडालों के पास अलग से महिला हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए।

महोदया ने सभी संबंधित अधिकारियों को आगामी त्यौहारों के दौरान सतर्कता बढ़ाने और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए उचित प्रबंधन हेतु निर्देश दिए।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर व अन्य संबंधी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।